# अभ्यास प्रश्न बैंक

## कक्षा -3




समग्र शिक्षा

**राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश**
**मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग**

# अभ्यास प्रश्न बैंक
# कक्षा-3, विषय-हिन्दी

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, सही विकल्प चुनकर उस पर गोल घेरा (A) बनाइए -**

L O CODE : H-309, 313, 311

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

एक गिलहरी पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रही थी। लेकिन उसे कहीं पानी नहीं मिला। चलते-चलते उसे एक दीवार के किनारे नल दिखाई दिया। वह नल देखकर बहुत प्रसन्न हुई और फुर्र से वहाँ पहुँची लेकिन नल की टोंटी में पानी नहीं मिला तो वह उदास हो गई और वह पानी की तलाश में इधर-उधर भटकती रही। उसको पानी न मिलने से वह थककर चूर हो गई। लेकिन फिर भी वह पानी की तलाश करती रही। यह सारी घटना एक लड़की रीना देख रही थी। उसने एक मिट्टी के कटोरे में पानी भरकर पेड़ के नीचे रख दिया। गिलहरी झट से पानी के कटोरे के पास आकर जी भरकर पानी पीकर पेड़ पर चढ़ गई।

प्र. 1 दी गई कहानी का मुख्य पात्र कौन है?

(A) एक चिड़िया (B) एक गिलहरी
(C) एक कौआ (D) एक तोता

प्र. 2 नल कहाँ लगा था?

(A) पेड़ के पास (B) टंकी के पास
(C) पहाड़ के किनारे (D) दीवार के किनारे

प्र. 3 गिलहरी को पानी किस प्रकार मिला?

(A) थक जाने के कारण (B) कामचोरी के कारण
(C) कोशिश करने के कारण (D) पेड़ पर चढ़ जाने के कारण

प्र. 4 गिलहरी को किसकी तलाश थी?

(A) दाने की (B) पानी की
(C) भोजन की (D) कटोरे की

प्र. 5 हमें रीना से क्या सीखना चाहिए?

(A) दूसरों को सताना (B) पानी व्यर्थ बहाना
(C) दूसरों की मदद (D) उदास होना

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

आप शाला के पुस्तकालय में पुस्तक पढ़ने जाते हैं। पढ़ने के लिए एक पुस्तक लेते है। पढ़ते-पढ़ते पुस्तक में से दो सुन्दर चित्र निकाल लेते हैं। यह आपने पुस्तकालय की पुस्तक का सही उपयोग नहीं किया, दुरुपयोग किया। यह पुस्तक आपकी निजी नहीं थी सार्वजनिक थी। इसी प्रकार पुस्तकालय की पत्र-पत्रिकाओं पुस्तको पर कुछ लिख देना, पुस्तकालय की पुस्तक उनमें से कुछ फाड़कर अपने घर ले जाना, सार्वजनिक वस्तु का सदुपयोग नहीं कहलाता। इसी प्रकार पुस्तकालय (वाचनालय) में बैठकर पढ़ने की बजाए आपस में गप्पें मारने लगें तो भी वह वाचनालय का सही उपयोग नहीं कहलाएगा। आपस में बातचीत करने से वाचनालय में बैठे दूसरे व्यक्तियों के पढ़ने में बाधा पड़ती है।

L O CODE : H-308, 309, 311, 313

प्र. 6 पुस्तकालय की पुस्तकों का सही उपयोग क्या है?

(A) उन पर लिखना (B) उन्हें फाड़ना

(C) उन्हें पढ़ना (D) चित्र निकालना

प्र. 7 पुस्तकालय की पुस्तकें होती है–

(A) घर की (B) स्वयं की

(C) सार्वजनिक (D) मित्र की

प्र. 8 पुस्तकालय में बैठकर बातें करने से क्या होता है?

(A) अच्छी तरह पढ़ाई होती है (B) पढ़ने में खूब मन लगता है

(C) समय का सदुपयोग होता है (D) दूसरों को पढ़ने में बाधा होती है

प्र. 9 वाचनालय का सही उपयोग है–

(A) शोर मचाना (B) खेल खेलना

(C) बैठकर बातें करना (D) किताबें पढ़ना

प्र. 10 'सदुपयोग' का विलोम शब्द है–

(A) उपयोग (B) अनुप्रयोग

(C) दुरुपयोग (D) बहुप्रयोग

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए** –

मम्मी–पापा के साथ मोनू बाजार से लौटी तो बहुत गुस्से में थी। पैर पटकती हुई वह घर में घुसी और मुँह फुलाकर बैठ गई। मम्मी ने बार–बार पूछा भी क्या हुआ है ?पर वह चुपचाप रही। तभी मोनू के पापा कुछ सोचते हुए बोले, ''मुझे पता चल गया, हमारी मोनू का वह हरी वाली फ्रॉक चाहिए थी, है न?'' हाँ, वही फ्रॉक चाहिए, मैंने आपसे कितना कहा था दुकान पर लेकिन आपने मेरी बात सुनी ही नहीं। इतनी देर से मौन बैठी मोनू यकायक बोल पड़ी। ''मोनू कितनी फ्रॉकें हैं तुम्हारे पास अब नई लेकर क्या करोगी ?पिछले महीने तुम्हारे जन्मदिन पर नये कपड़े और जूते दिलवाए थे और उपहारों में भी तुम्हें तीन फ्रॉक मिली।'' फिजूलखर्ची अच्छी बात नहीं है। मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। उसने नई फ्रॉक की जिद छोड़ दी।

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 11 मोनू को किसके रंग जैसी फ्रॉक पसंद थी–

(A) कोयल के रंग की (B) मोर के रंग की

(C) तोते के रंग की (D) कबूतर के रंग की

प्र. 12 मुँह फुलाने का अर्थ होता है

(A) रूठना (B) हँसना

(C) गाना (D) रोना

प्र. 13 मोनू को उपहार कब मिला था ?

(A) दीपावली पर (B) उत्तीर्ण होने पर

(C) शादी पर (D) जन्मदिन पर

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 14 हम सामान खरीदते हैं.

(A) स्कूल से (B) बाजार से

(C) घर से (D) खेत से

प्र.15 कौन–सी बात अच्छी नहीं है?

(A) पढ़ना (B) खेलना

(C) फिजूलखर्ची (D) सोना

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

कम्प्यूटर दिखने में बॉक्स आकार जैसा उपकरण होता है जिसमें टेलीविजन जैसी एक स्क्रीन होती है जिसे 'मॉनीटर' कहते हैं। इसके साथ ही एक टाइपराइटर जैसा यंत्र होता है। जिससे हम सूचनाओं को कम्प्यूटर में प्रविष्ट कराते हैं। इस यंत्र को 'की–बोर्ड' कहते हैं। इसकी सहायता से कम्प्यूटर को जो निर्देश दिए जाते हैं। उनका परिणाम स्क्रीन पर दिखाई देता है। इस परिणाम को कागज पर छापने के लिए 'प्रिंटर' का प्रयोग किया जाता है। प्रिंटर कागज पर परिणाम छापकर हमारे समक्ष रख देता है। कम्प्यूटर में स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट को सिलेक्ट करने या खोलने के लिए 'माउस' का प्रयोग किया जाता है। इसमें बच्चे कई प्रकार के गेम्स खेल सकते हैं। यह वर्तमान समय का बड़ा महत्वपूर्ण उपकरण है। इससे अब समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 16 वह उपकरण जिससे गणना, पढ़ना–लिखना और अन्य कार्य सहज हो गए हैं–

(A) प्रेस (B) पंखा

(C) कम्प्यूटर (D) पुस्तक

प्र. 17 वह क्या होता है जिससे स्क्रीन पर ऑब्जेक्ट को सलेक्ट करते हैं –

(A) माउस (B) की बोर्ड

(C) प्रिंटर (D) स्क्रीन

प्र. 18 कम्प्यूटर सूचनाओं को टाइप करते हैं –

(A) माउस से (B) स्क्रीन से

(C) की बोर्ड से (D) प्रिंटर से

प्र. 19 कम्प्यूटर का आकार कैसा होता है?

(A) पुस्तकनुमा (B) थालीनुमा

(C) बाल्टीनुमा (D) बक्सानुमा

प्र. 20 'श्रम' का समानार्थी शब्द होगा–

(A) मेहनत (B) पैसा

(C) खर्चा (D) आराम

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

जोर से ढम–ढमा–ढम करने वाला असली नगाड़ा तो खूब बड़ा होता है पर हम एक छोटा–सा खिलौना नगाड़ा बनाएँगे। इसके लिए नारियल का आधा खोल, एक बड़ा गुब्बारा और धागा ले लो। अब नारियल के मुंह पर गुब्बारे को खींचकर धागे से बाँध दो। लो बन गया नगाड़ा। अब एक पतली लकड़ी के सिर पर थोड़ी–सी मिट्टी लपेटकर छोटी–सी घुण्डी बनाओ और उसे सुखा लो। इस लकड़ी की घुण्टी से बँधे हुए गुब्बारे पर चोट करो।

क्या हुआ ?नारियल की जगह टीन का डिब्बा मिट्टी का कुल्हड़ भी ले सकते है। इसी तरह गुब्बारे की जगह पन्नी का इस्तेमाल कर सकते हो। चीजों के बदलाव से आवाज भी अलग-अलग तरह की निकलेगी।

L O CODE : H-308, 309, 311, 313

प्र. 21 नारियल के खोल के हम क्या बना सकते हैं?

(A) जलतरंग (B) नगाड़ा

(C) धागे का बाजार (D) बाँसुरी

प्र. 22 गुब्बारे खींचकर धागे के किसको बाँधना है?

(A) नारियल का पानी (B) नारियल का खोल

(C) नारियल की जटा (D) नारियल का मुँह

प्र. 23 घुण्डी से नगाड़े पर चोट करने में क्या होगा?

(A) नगाड़ा फूट जाएगा (B) नगाड़ा आवाज करेगा

(C) नगाड़ा घूम जाएगा (D) नगाड़ा शांत रहेगा

प्र. 24 नगाड़े की आवाज कैसी होती है?

(A) ढम-ढम (B) छम-छम

(C) पीं-पीं (D) शीं-शीं

प्र. 25 'असली' का विलोम शब्द क्या है?

(A) वास्तविक (A) फसली

(C) नकली (A) झूठा

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**सूचना**

**जनपद शासकीय शाला छपारा**

आप सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रति वर्ष के अनुसार हमारी शाला में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाना है। जिसमें गीत, नृत्य और भाषण कार्यक्रम होंगे। आप अपने-अपने नाम व कार्यक्रम अपने कक्षा शिक्षक को लिखवा दें।

कार्यक्रम दिनांक 26/01/2020 (सोमवार) समय- सुबह 8 बजे स्थान- शाला मैदान

निवेदन

कु. श्रुति ठाकुर

(सांस्कृतिक मंत्री, बाल केबिनेट)

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 26 यह सूचना किसके द्वारा दी गई है ?

(A) अध्यापक द्वारा (B) छात्रों द्वारा

(C) प्रधानाध्यापक द्वारा (D) सांस्कृतिक मंत्री द्वारा

प्र. 27 कार्यक्रम किस दिनांक को होना है?

(A) 15/01/2020 (B) 26/01/2020

(C) 25/01/2020 (D) 27/01/2020

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 28 शाला में क्या मनाया जा रहा है?

(A) बाल दिवस (B) शिक्षक दिवस

(C) गणतंत्र दिवस (D) स्वतंत्रता दिवस

प्र. 29 समारोह में कौन-सा कार्यक्रम शामिल नहीं होगा?

(A) गीत (B) नृत्य

(C) भाषण (D) दौड़

प्र. 30 'बाल कैबिनेट' का अर्थ क्या है?

(A) बच्चों का प्रतिनिधि मंडल (B) बच्चों का शाला मंत्रिमंडल

(C) बच्चों की खेल-दल (D) बच्चों का सांस्कृतिक दल

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**सूचना**

**शासकीय प्राथमिक शाला बारीदेवी, विकासखण्ड पिपरिया,**

**जिला होशंगाबाद ( म.प्र. )**

कक्षा तीन के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आपका वार्षिक मूल्यांकन दिनांक 16/03/2020 से प्रारम्भ होगा। मूल्यांकन हेतु विषयवार समय-सारणी निम्नानुसार है-

| **दिनांक** | **दिन** | **विषय ( प्रश्न-पत्र )** |
|---|---|---|
| 16/03/2020 | मंगलवार | हिन्दी (मौखिक एवं लिखित) |
| 17/03/2020 | बुधवार | अंग्रेजी (मौखिक एवं लिखित) |
| 18/03/2020 | गुरूवार | गणित (मौखिक एवं लिखित) |
| 19/03/2020 | शुक्रवार | पर्यावरण (मौखिक एवं लिखित) |

टीप- मूल्यांकन समय सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक होगा।

L O CODE : H-308, 309, 310, 311, 313

प्र. 31 मूल्यांकन किस दिनांक से प्रारम्भ होगा?

(A) 17/03/2020 (B) 18/05/202

(C) 16/03/2020 (D) 19/03/2020

प्र. 32 दिनांक 18/03/2020 को कौन सा दिन है?

(A) शुक्रवार (B) गुरुवार

(C) बुधवार (D) मंगलवार

प्र. 33 दिनांक 16/03/2020 को किस विषय का प्रश्न पत्र है?

(A) पर्यावरण (B) गणित

(C) अंग्रेजी (D) हिन्दी

प्र. 34 पर्यावरण प्रश्नपत्र का क्रम कौन-सा है ?

(A) चौथा (B) तीसरा

(C) दूसरा (D) पहला

L O CODE : H-308, 309, 310, 311, 313

प्र. 35 'प्रारम्भ' शब्द का समानार्थी शब्द कौन-सा है?

(A) खत्म (B) अंतिम

(C) शुरू (D) प्रथम

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**नगर पालिका उद्यान, रतलाम**

**सूचना**

उद्यान में लगे पेड़-पौधे, फूल पत्तों को न तोड़ें।

उद्यान में अनावश्यक शोर न करें।

उद्यान में पॉलीथीन का प्रयोग न करें।

कचरा-कूड़ा यहाँ-वहाँ न फेंके। इसके लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें।

उद्यान को सुन्दर और स्वच्छ बनाने में उद्यान के कर्मचारियों का सहयोग करें।

प्रबंधक

नगर पालिका उद्यान

रतलाम

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 36 दिया गया सूचनापटल किसका है?

(A) ग्राम पंचायत का (B) नगर पंचायत का

(C) नगर पालिका का (D) नगर निगम का

प्र. 37 पॉलीथीन का प्रयोग के लिए हमें क्यों मना किया है?

(A) प्रदूषण रोकने के लिए (B) प्रदूषण करने के लिए

(C) बगीचा सुन्दर बनाने के लिए (D) कचरा फैलाने के लिए

प्र. 38 हम बगीचे को स्वच्छ कैसे रखेंगे?

(A) कर्मचारी का सहयोग कर (B) पॉलीथीन का प्रयोग कर

(C) शोर मचाकर (D) गंदगी फैलाकर

प्र. 39 हम बगीचे मे शोर करेंगे तो -

(A) अन्य लोग खुश होंगे (B) कर्मचारी खुश होंगे

(C) अन्य लोग परेशान होंगे (D) पेड़-पौधे खुश होंगे

प्र. 40 यह सूचना किसके द्वारा दी गई है?

(A) बगीचे के कर्मचारी द्वारा (B) बगीचे के प्रबंधक द्वारा

(C) नगर पालिका द्वारा (D) नागरिकों द्वारा

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**यात्रा-कार्यक्रम की सूचना**

दिनांक 05/05/2019, स्थान - गुना

यात्रा हेतु सभी बच्चे 06/05/2019 को दिन के ग्यारह बजे तक गुना रेल्वे स्टेशन पर पहुँचे। गुना से वड़ोदरा जाने वाली रेलगाड़ी साबरमती एक्सप्रेस गुना स्टेशन पर दिन के ठीक बारह बजे पहुँचेगी। सभी बच्चे रेलगाड़ी में

शिक्षकों के साथ एस-4 कोच में बैठेंगे। रेलगाड़ी में शरीर का कोई भी अंग बाहर न निकालें। सभी को शिक्षकों के निर्देशों का पालन करना जरूरी है। दिनांक 08/05/2019 को यात्रा की वापसी होगी। सभी बच्चे अपने साथ एक दिन का भोजन, एक चादर, पानी की बोतल, दो जोड़ी पहनने क कपड़े साथ लेकर आएँ।

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 41 यात्रा कहाँ से कहाँ तक की है?

(A) शिवपुरी से गुना  (B) गुना से शिवपुरी
(C) गुना से वड़ोदरा  (D) गुना से वड़ोदरा

प्र. 42 सामान में क्या सम्मिलित नहीं है?

(A) चादर  (B) कपड़े
(C) टार्च  (D) पानी की बोतल

प्र. 43 छात्र किसके साथ जा रहे हैं?

(A) पालकों के साथ  (B) प्रधानाध्यापक के साथ
(C) रिश्तेदारों के साथ  (D) शिक्षकों के साथ

प्र. 44 वे सब बच्चे किस गाड़ी से यात्रा पर जा रहे थे?

(A) शिवपुरी एक्सप्रेस  (B) गुना एक्सप्रेस
(C) साबरमती एक्सप्रेस  (D) वड़ोदरा एक्सप्रेस

प्र. 45 हमें खिड़की से शरीर का कोई अंग बाहर क्यों नहीं निकालना चाहिए?

(A) खिड़की टूट जाएगी  (B) खिड़की खराब हो जाएगी
(C) शरीर काला पड़ सकता है  (D) शरीर के अंगों को चोट लग सकती है।

**निर्देश : दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**



L O CODE : H-304, 309, 311, 313

प्र. 46 चित्र में दी गयी सूचना का क्या उद्देश्य है?

(I) सुरक्षा (ii) संरक्षण (iii) स्वच्छता (iv) बच्चों को डराना

(A) केवल (i) एवं (ii) (B) केवल (ii) एवं (iii)

(C) (I), (ii) एवं (iii) (D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

प्र. 47 हमें कचरा कहाँ डालना चाहिए?

(A) कूड़े दान में (B) मैदान में

(C) बगीचे में (D) नाली में

प्र. 48 खेलने के लिए उचित स्थान कौन-सा है?

(A) बाजार (B) बाल उद्यान

(C) रेल की पटरी (D) सड़क

प्र. 49 उपर्युक्त चित्र किस स्थान से संबंधित है?

(A) घर (B) स्कूल

(C) जंगल (D) बाल वाटिका

प्र. 50 हमें पानी क्यों बचाना चाहिए?

(i) खेती के लिए (ii) पीने के लिए (iii) पेड़-पौधों के लिए (iv) नहाने के लिए

(A) केवल (i) एवं (ii) (B) केवल (ii) एवं (iv)

(C) (I), (ii) एवं (iii) (D) (i), (ii), (iii) एवं (iv)

**निर्देश : अशोक के विद्यालय में मध्याह्न भोजन के मीनू-चार्ट को देखकर प्रश्नों के सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**मध्याह्न भोजन का साप्ताहिक मीनू-चार्ट**

| **दिन** | **व्यंजन** |
|---|---|
| सोमवार | रोटी, सब्जी + सोयाबीन/मूँग की बरी |
| मंगलवार | पुड़ी के साथ खीर / हलवा + सब्जी |
| बुधवार | रोटी + चने की दाल व मिक्स सब्जी |
| गुरूवार | रोटी + पुलाव + कढ़ी (पकौड़े युक्त) |
| शुक्रवार | रोटी + मूँग की दाल + मटर/चने की सब्जी |
| शनिवार | पराँठा + मिक्स दाल + हरी सब्जी |
| सोमवार + बुधवार + शुक्रवार | सुगंधित दूध वितरण |
| मंगलवार + गुरूवार + शनिवार | चिक्की वितरण |

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 51 बुधवार को अशोक खाता है -

(A) पराँठा + मिक्स दाल + हरी सब्जी (B) रोटी + मूँग की दाल + मटर/चने की सब्जी

(C) रोटी + पुलाव + कढ़ी (पकौड़े युक्त) (D) रोटी + चने की दाल व मिक्स सब्जी

प्र. 52 विद्यार्थी शनिवार को खाते हैं -

(A) रोटी + चने का दाल व सब्जी (B) पुड़ी के साथ खीर / हलवा + सब्जी

(C) पराँठा + मिक्स दाल + हरी सब्जी (D) रोटी, सब्जी + सोयाबीन/मूँग की बरी

L O CODE : H-309, 311, 313

प्र. 53 अशोक दूध पीता है –

(A) सोमवार, मंगलवार, बुधवार
(B) सोमवार, मंगलवार, बुधवार
(C) सोमवार, बुधवार, शुक्रवार
(D) सोमवार, मंगलवार, गुरूवार

प्र. 54 अशोक चिक्की खाता है –

(A) सोमवार, मंगलवार, बुधवार
(B) मंगलवार, गुरूवार, शनिवार
(C) बुधवार, शुक्रवार, शनिवार
(D) गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार

प्र. 55 अशोक मंगलवार को खाता है –

(A) पुड़ी के साथ खीर / हलवा + सब्जी
(B) रोटी + चने की दाल व मिक्स सब्जी
(C) पराँठा + मिक्स दाल + हरी सब्जी
(D) रोटी, सब्जी + सोयाबीन/मूँग की बरी

**निर्देश : दी गई सारिणी को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

## ताजे फलों की दुकान

| सं.क्र. | फलों के नाम | कीमत |
|---|---|---|
| 1. | आम  | पचास रू./किलोग्राम |
| 2. | केला  | तीस रू./किलोग्राम |
| 3. | संतरा  | चालीस रू./किलोग्राम |
| 4. | अंगूर  | साठ रू./किलोग्राम |
| 5. | पपीता  | तीस रू./किलोग्राम |
| नोट :– किसी भी फल की दो किलोग्राम खरीद पर दस रूपये की छूट। | | |

L O CODE : H-304, 308, 309, 311, 313

प्र. 56 दी गई सारिणी किससे संबंधित है?

(A) ताजी सब्जियों से
(B) ताजे फलों से
(C) ताजे दूध से
(D) ताज छाप साबुन से

प्र. 57 सबसे ज्यादा कीमत किस फल की है?

(A) आम
(B) केला
(C) संतरा
(D) अंगूर

प्र. 58 सत्तर रूपये में दो किलोग्राम फल कौन–से आएँगे?

(A) आम
(B) केला
(C) संतरा
(D) अंगूर

LO CODE : H-304, 308, 309, 311, 313

प्र. 59 आपके अनुसार कौन–से दो फलों की कीमत एक है –

(A) आम और केला (B) संतरा और केला

(C) केला और अंगूर (D) केला और पपीता

प्र. 60 'ताजा फल' में रेखांकित शब्द का उल्टे अर्थ वाला शब्द होगा –

(A) ताजी (B) बासा

(C) नवीन (D) नया

**निर्देश : दी गई सारिणी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

| शास. प्रा. वि. बरकुँआ | | | |
|---|---|---|---|
| ( बाल कैबिनेट ) | | | |
| **सं.क्र.** | **नाम ( छात्र/छात्रा )** | **कक्षा** | **पद** |
| 1. | आदर्श कुमार | 5 | प्रधानमंत्री |
| 2. | कु. नव्या | 4 | शिक्षामंत्री |
| 3. | कु. नेहा | 5 | पर्यावरण, स्वच्छता मंत्री |
| 4. | आकाश | 5 | खेलमंत्री |
| 5. | सुनील | 4 | सांस्कृतिक मंत्री |

प्र. 61 दी गई तालिका कौन–सी कक्षाओं के लिए है?

(A) कक्षा एक से पाँच तक (B) कक्षा छः से आठ तक

(C) कक्षा नौ से दस तक (D) कक्षा छः से दस तक

प्र. 62 आपके अनुसार इस विद्यालय में पढ़ते हैं –

(A) केवल बालक (B) केवल बालिका

(C) बालक व बालिका (D) बालक और शिक्षक

प्र. 63 बाल कैबिनेट का मुखिया कौन होता है?

(A) शिक्षामंत्री (B) प्रधानमंत्री

(C) सांस्कृतिक मंत्री (D) खेलमंत्री

प्र. 64 आपके अनुसार दी गई तालिका में सबसे ज्यादा पदाधिकारी कौन–सी कक्षा के हैं?

(A) कक्षा – दो (B) कक्षा – तीन

(C) कक्षा – चार (D) कक्षा – पाँच

प्र. 65 बाल कैबिनेट में कु. नव्या शिक्षामंत्री है तो खेल मंत्री कौन है?

(A) सुनील (B) कु. नेहा

(C) आकाश (D) आदर्श

LO CODE : H-304, 309, 311, 313

**निर्देश : दी गई सारिणी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**

**बस स्टेण्ड सागर**

**समय सारणी**

| **समय** | **कहाँ से** | **कहाँ तक** |
|---|---|---|
| प्रात: 7:30 | सागर | पचमढ़ी |
| प्रात: 7:45 | सागर | शिवपुरी |
| प्रात: 7:45 | सागर | टीकमगढ़ |
| प्रात: 8:30 | सागर | होशंगाबाद |
| प्रात: 10:00 | सागर | डबरा |
| दोप. 12:00 | सागर | भिण्ड |
| दोप. 02:00 | सागर | मुरैना |

नोट :- (1) यात्रीगण अपने सामान की सुरक्षा स्वयं करें।

(2) बस में टिकट लेकर ही यात्रा करें।

(3) बिना टिकट यात्रा करना कानूनन अपराध है। बिना टिकट यात्रा करते पाए जाने पर 3 माह की कैद और 2000/- जुर्माना किया जा सकता है।

प्र. 66 समय सारणी के अनुसार आप यात्रा कहाँ से शुरू करेंगे?

(A) पचमढ़ी (B) सागर

(C) भिण्ड (D) मुरैना

प्र. 67 डबरा जाने के लिए कितने बजे गाड़ी मिलेगी?

(A) प्रात: 10:00 (B) प्रात: 8:30

(C) दोप. 2:10 (D) प्रात: 7:45

प्र. 68 कौन-से दो स्थानों के लिए एक ही समय पर गाड़ी जाती है?

(A) टीकमगढ़, होशंगाबाद (B) शिवपुरी, पचमढ़ी

(C) टीकमगढ़, डबरा (D) शिवपुरी, टीकमगढ़

प्र. 69 दोपहर बारह बजे किस स्थान के लिए गाड़ी मिलेगी?

(A) शिवपुरी (B) टीकमगढ़

(C) भिण्ड (D) मुरैना

प्र. 70 यात्रा करना कब अपराध है?

(A) बैठ कर यात्रा करना (B) बिना सामान यात्रा करना

(C) टिकट के बिना यात्रा करना (D) टिकट लेकर यात्रा करना

**निर्देश : दी गई सारिणी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-**

| **वार्षिक मूल्यांकन समय सारणी 2020-21**<br>**कक्षा - 3**<br>**समय - दोपहर 1:30 बजे से 3:30 बजे तक** | | |
|---|---|---|
| **दिन** | **दिनांक** | **विषय** |
| सोमवार | 15/03/2021 | हिन्दी |
| बुधवार | 17/03/2021 | गणित |
| शुक्रवार | 19/03/2021 | पर्यावरण |
| सोमवार | 22/03/2021 | अंग्रेजी |

L O CODE : H- 309, 311, 313

प्र. 71 दी गई समय सारणी किस कक्षा की है?

(A) कक्षा - एक (B) कक्षा - दो

(C) कक्षा - तीन (D) कक्षा - चार

प्र. 72 गणित की परीक्षा कौन-से दिन है?

(A) सोमवार (B) बुधवार

(C) शुक्रवार (D) मंगलवार

प्र. 73 अवकाश का दिन कौन-सा है?

(A) मंगलवार (B) सोमवार

(C) बुधवार (D) शुक्रवार

प्र. 74 सोमवार को कौन-कौन से विषय की परीक्षा है?

(A) हिन्दी, गणित (B) गणित, पर्यावरण

(C) हिन्दी, अंग्रेजी (D) पर्यावरण, गणित

प्र. 75 दी गई समय सारणी के अनुसार आपकी परीक्षा के लिए कितना समय मिला है?

(A) तीन घण्टे (B) दो घण्टे

(C) एक घण्टा (D) चार घण्टे

**निर्देश : दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**



L O CODE : H- 304, 307, 309, 311, 313

प्र. 76 चित्र का सम्बन्ध किससे है?

(A) चित्रकारी से    (B) दुकान से

(C) खिलौनों से    (D) पेंसिल से

प्र. 77 दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द चित्र में भी है?

(A) पठन    (B) लेखन

(C) कलम    (D) ब्रश

प्र. 78 दिए गए चित्र में 'स्थान वाला' शब्द है?

(A) रबर    (B) पेंसिल

(C) शहर    (D) स्टेशनरी

प्र. 79 दिए गए चित्र में 'कमाल' शब्द के समान अर्थ वाला शब्द है?

(A) सामान्य    (B) गजब


(C) साधारण    (D) औसत

प्र. 80 प्रमुख स्टेशनरी की दुकानों पर क्या उपलब्ध है?

(A) पेंसिल    (B) टोपी

(C) खिलौने    (D) चित्र

**निर्देश : चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -**




L O CODE : H- 304, 307 308, 309, 311, 313

प्र. 81 सबसे सस्ती सामग्री क्या है?

(A) कलम    (B) स्केल

(C) पेंसिल    (D) रबर

प्र. 82 सबसे अधिक कीमत की वस्तु क्या है?

(A) पेंट ब्रश    (B) कैलकुलेटर

(C) कलम    (D) स्केल

प्र. 83 किन दो वस्तुओं की कीमत स्केल से कम है?

(A) रबर, कलम (B) पेंसिल, पेंट ब्रश

(C) पेंट ब्रश, पेंसिल (D) रबर, पेंसिल

प्र. 84 इस चित्र में कौन–सा शब्द 'कीमत' के समान अर्थ वाला है?

(A) दाम (B) सस्ते


(C) मुफ्त (D) स्टेशनरी

प्र. 85 'एक पर एक मुफ्त योजना' कितनों दिनों के लिए है?

(A) दो दिन (B) पाँच दिन

(C) छः दिन (D) सात दिन

**निर्देश : दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**




प्र. 86 **'+'** संकेत है –

(A) घर का (B) तालाब का

(C) अस्पताल का (D) डाकघर का

प्र. 87 यह चित्र है –



(A) डाकघर का (B) हैण्ड पम्प का

(C) पेड़ का (D) अस्पताल का

प्र. 88 चित्र के अनुसार घर से तालाब के मार्ग में आता है –

(A) बाजार (B) विद्यालय

(C) अस्पताल (D) डाकघर

प्र. 89 चित्र में रेल की पटरी जाती है–

(A) तालाब के पास से (B) अस्पताल के पास से

(C) डाकघर के पास से (D) बाजार के पास से

प्र. 90 तालाब के सबसे पास है –

(A) अस्पताल (B) विद्यालय

(C) घर (D) बाजार

**निर्देश : दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**



L O CODE : H- 304, 309, 311, 313

प्र. 91 उपर्युक्त चित्र किस स्थान से संबंधित है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | जंगल | (B) | बगीचा |
| (C) | स्कूल | (D) | बाल वाटिका |

प्र. 92 हमें कूड़ा कहाँ डालना चाहिए ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | कचरे के डिब्बे में | (B) | कक्षा के अंदर |
| (C) | सड़क पर | (D) | मैदान में |

प्र. 93 हमें हाथ कब धोना चाहिए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | भोजन से पहले | (B) | भोजन के बाद |
| (C) | भोजन के पहले एवं बाद में | (D) | कभी नहीं |

प्र. 94 दिया गया चित्र किस समय का है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | शाला जाने का | (B) | घर जाने में |
| (C) | मध्याह्न भोजन का | (D) | बालसभा का |

प्र. 95 हमें शाला के निर्देशों का पालन क्यों करना चाहिए?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | अनुशासन के लिए | (B) | अव्यवस्था के लिए |
| (C) | आज्ञा देने के लिए | (D) | आनन्द के लिए |

**निर्देश : दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**



LO CODE : H- 304, 309, 311, 313

प्र. 96 दिया गया चित्र है?

(A) मास्क से बचाव का　　(B) कोविड–19 से बचाव का

(C) दोस्त से बचाव का　　(D) रिश्तेदार से बचाव का

प्र. 97 हम मास्क क्यों लगाते हैं?

(A) दोस्त से सुरक्षा के लिए　　(B) कर्मचारी से सुरक्षा के लिए

(C) कोविड–19 से सुरक्षा के लिए　　(D) समाज से सुरक्षा के लिए

प्र. 98 हमें कोविड–19 से बचने के लिए कौन–सी गलतियाँ नहीं करना चाहिए?

(A) मास्क लगाना　　(B) सैनिटाइजर का उपयोग करना

(C) मास्क न लगाना　　(D) सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना

प्र. 99 मास्क लगाने का सही तरीका कौन–सा है?

(A) आँख और कान खुला होना चाहिए।　　(B) नाक और मुँह खुला होना चाहिए।

(C) आँख और कान ढका होना चाहिए।　　(D) नाक और मुँह ढका होना चाहिए।

प्र. 100 अपने आपको और समाज को कोविड–19 से कैसे सुरक्षित रखेंगे?

(A) केवल कर्मचारी से मास्क लगाकर बात करने से

(B) केवल दोस्त से मास्क लगाकर बात करने से

(C) केवल रिश्तेदार से मास्क लगाकर बात करने से

(D) सभी से मास्क लगाकर बात करने से

**निर्देश : दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए –**

| तालाबों की नगरी भोपाल में आपका स्वागत है। | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पचमढ़ी | ← | होशंगाबाद | ← | भोपाल | ← | सीहोर | ← | आष्टा |
| 210 कि.मी. | | 70 कि.मी. | | 0 कि.मी. | | 38 कि.मी. | | 82 कि.मी. |
| आपकी यात्रा मंगलमय हो। | | | | | | | | |

LO CODE : H- 304, 309, 311, 313

प्र.101 पचमढ़ी और भोपाल के बीच कौन–सा शहर है?

(A) आष्टा　　(B) सीहोर

(C) होशंगाबाद　　(D) भोपाल

प्र.102 भोपाल से सबसे पास का कौन–सा शहर है?

(A) सीहोर　　(B) आष्टा

(C) होशंगाबाद　　(D) पचमढ़ी

प्र.103 भोपाल से पचमढ़ी की दूरी कितनी है?

(A) 38 कि.मी.　　(B) 82 कि.मी.

(C) 70 कि.मी.　　(D) 210 कि.मी.

प्र.104 इनमें से कौन–सा शब्द सूचना में भी है?

(A) घूमना (B) पढ़ना

(C) बात (D) यात्रा

प्र.105 निम्नलिखित में किसका अर्थ 'तालाब' के समान है?

(A) बावड़ी (B) पोखर

(C) नदी (D) कुँआ

## अभ्यास प्रश्नबैंक, कक्षा-3, विषय- हिन्दी
## उत्तरमाला (Answer Key)

| Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 31 | C | 61 | A | 91 | C |
| 2 | D | 32 | B | 62 | C | 92 | A |
| 3 | C | 33 | D | 63 | B | 93 | C |
| 4 | B | 34 | A | 64 | D | 94 | A |
| 5 | C | 35 | C | 65 | C | 95 | A |
| 6 | C | 36 | C | 66 | B | 96 | B |
| 7 | C | 37 | A | 67 | A | 97 | C |
| 8 | D | 38 | A | 68 | D | 98 | C |
| 9 | D | 39 | C | 69 | C | 99 | D |
| 10 | C | 40 | B | 70 | C | 100 | D |
| 11 | C | 41 | C | 71 | C | 101 | C |
| 12 | A | 42 | C | 72 | B | 102 | A |
| 13 | D | 43 | D | 73 | A | 103 | D |
| 14 | B | 44 | C | 74 | C | 104 | D |
| 15 | C | 45 | D | 75 | B | 105 | A |
| 16 | C | 46 | C | 76 | D | | |
| 17 | A | 47 | A | 77 | B | | |
| 18 | C | 48 | B | 78 | C | | |
| 19 | D | 49 | D | 79 | B | | |
| 20 | A | 50 | D | 80 | A | | |
| 21 | B | 51 | D | 81 | C | | |
| 22 | D | 52 | C | 82 | B | | |
| 23 | B | 53 | C | 83 | D | | |
| 24 | A | 54 | B | 84 | A | | |
| 25 | C | 55 | A | 85 | D | | |
| 26 | D | 56 | B | 86 | C | | |
| 27 | B | 57 | D | 87 | B | | |
| 28 | C | 58 | C | 88 | B | | |
| 29 | D | 59 | D | 89 | D | | |
| 30 | B | 60 | B | 90 | A | | |

## L O CODE, CLASS - 3, SUBJECT - HINDI

| L O Code | सीखने के प्रतिफल |
|---|---|
| **H-301** | कही जा रही बात, कहानी, कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। |
| **H-302** | कहानी, कविता आदि को उपयुक्त उतार-चढ़ाव, गति, प्रवाह और सही पुट के साथ सुनाते हैं। |
| **H-303** | सुनी हुई रचनाओं की विषय-वस्तु, घटनाओं, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं, प्रश्न पूछते हैं, अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, राय बताते हैं/अपने तरीके से (कहानी, कविता आदि) अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं। |
| **H-304** | आस-पास होने वाली गतिविधियों/घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते, बातचीत करते और प्रश्न पूछते हैं। |
| **H-305** | कहानी, कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी कहानी/बात जोड़ते हैं। |
| **H-306** | अलग-अलग तरह की रचनाओं/सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं/अपनी राय देते हैं/ शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (मौखिक, सांकेतिक) देते हैं। |
| **H-307** | अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं। |
| **H-308** | तरह-तरह की कहानियों, कविताओं/रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे– शब्दों की पुनरावृत्ति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम-चिह्नों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं। |
| **H-309** | अलग-अलग तरह की रचनाओं/सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं/अपनी राय देते हैं/ शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं। |
| **H-310** | स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत वर्तनी के प्रति सचेत होते हुए स्व-नियंत्रित लेखन (कनवैंशनल राइटिंग) करते हैं। |
| **H-311** | विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना और लेखन के स्वरूप (जैसे– दोस्त को पत्र लिखना, पत्रिका के संपादक को पत्र लिखना) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं। |
| **H-312** | विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम- चिह्नों, जैसे– पूर्ण विराम, अल्प विराम, प्रश्नवाचक चिह्न का सचेत इस्तेमाल करते हैं। |
| **H-313** | अलग-अलग तरह की रचनाओं/सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर अपनी प्रतिक्रिया लिखते हैं, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (लिखित/ब्रेल लिपि आदि में) देते हैं। |